तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 26 जून 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



12 शिविर में युवाओं ने किया 2800 से अधिक यूनिट रक्तदान





13 प्रवेशोत्सव पर प्रतिभावान छात्र हुए सम्मानित









## खबर संक्षेप

### सांकरा में कल नाकोडा इस्पात एण्ड पवार लिमिटेड की होगी लोक सुनवाई



**सिमगा।** समीपस्थ धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के समीप ग्राम सांकरा में मेसर्स नाकोडा स्पात एण्ड पवार प्राइवेट लिमिटेड उद्योग के लिए प्रशासन ने पर्यावरणीय लोकसुनवाई का आयोजन प्रस्तावित कारखाना परिसर में आगामी 27 जून को है। इसके लिए संयंत्र की अनेक परियोजना प्रस्तावित है। वहीं उक्त उद्योग का ग्रामीण भरपूर विरोध कर रहे हैं। दूसरी ओर फैक्ट्री प्रबंधन का कहना है कि कंपनी स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराएगी। यह कारखाना आधुनिक मशीनों से संचालित होगा, जो प्रदूषण रहित होगा। साथ ही सीएसआर मद से संयंत्र के करीब लगे गांवों में विकास कार्य कराने प्रतिबद्ध हैं।

### स्कूल से टुल्लू पंप चोरी

**महासमुंद।** ग्राम कोना के स्कूल से टुल्लू पंप की चोरी हो गई। मामले की रिपोर्ट करते हुए स्कूल के प्रधान पाठक मुकेश बैस ने पुलिस को बताया कि कोना स्कूल परिसर में गांव से नल कनेक्शन लगा है। जिसमें छत ऊपर टंकी में पानी ले जाने के लिए टुल्लू पंप खुले स्थान में लगा था। 17 जून को स्कूल खुलने पर टुल्लू पंप कीमत 6000 रुपए वहां नहीं था, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पंप को चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मारपीट, जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** मारपीट किए जाने के मामले में तुमगांव पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थिया चांदनी निवासी भाठापारा तुमगांव ने बताया कि उसका पति रंजित मन्नाडे 24 जून को शाम करीबन 70 बजे उसके मायके भाठापारा तुमगांव में आया और मुझे बच्चे से मिलने नहीं देती हो कहकर गाली दे रहा था। उसी समय बीच बचाव करने आए उसके भाई ज्ञानेश्वर गहरवाल को तुम कौन होते हो, हम दोनों के बीच में पड़ने वाले कहकर डंडे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** आईटीआई से लौट रहे एक युवक के साथ मारपीट की घटना के मामले में कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सागर सोनवानी वार्ड नंबर 24 कुम्हारपारा ने बताया कि 24 जून को दोपहर करीबन 3.30 बजे वह आईटीआई से घर वापस आ रहा था, रास्ते में सीताराम साहू के किराना दुकान के पास पहुंचा था, तभी रौनक उर्फ गबरू घसिया वहां पर खड़ा था, जिसने उसे देखकर गाली देते हुए तुम और तुम्हारी मां ने मेरे खिलाफ थाने में शिकायत की, तुम मुझे जानते नहीं हो मैं स्वीपर मोहल्ले का दादा हूं, आज तुझे जान से खत्म कर दूंगा कहते हुए हाथ में रखे धारदार वस्तु से सिर में वार कर दिया। खून निकलते देखकर आरोपी रौनक उर्फ गबरू घसिया वहां से भाग गया।

### इस नियम से कई स्कूलों के रसोइयां अन्य कर्मी हजारों की संख्या में बेरोजगार होंगे

# कांग्रेस ने किया युक्तियुक्तरण का विरोध और डीईओ कार्यालय घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




युक्तियुक्तरण के विरोध में कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे के नेतृत्व में स्थानीय गार्डन चौक से डीईओ कार्यालय तक नारेबाजी की और घेराव प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि जांगिड़ ने घेराव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण नीति से सरकार 10463 विद्यालय को बंद करने का प्रस्ताव, 45000 शिक्षक से अधिक पद समाप्त होने जा रहे हैं। युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी, शिक्षा विरोधी है। नए शिक्षकों की भर्ती न करना पड़े इसलिए भाजपा सरकार युक्तियुक्तकरणका का कार्य कर रही है। सरकार के इस फैसले का कांग्रेस ने विरोध करने का फैसला किया है। युक्तियुक्तकरण से बंद होने जा रहे स्कूलों के रसोइयों अन्य कर्मी हजारों की संख्या में बेरोजगार होने जा रहे हैं। भाजपा पूर्व में 15 साल तक एक भी शिक्षक की भर्ती नहीं की है, अब युक्तियुक्तकरण के माध्यम से स्कूल बंद कर, शिक्षकों को बेरोजगार कर शिक्षा के क्षेत्र में युक्तियुक्तकरण के माध्यम विकास नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ को धोखा दे रही है। प्रदेशभर में युक्तिकरण का विरोध कर रहे छात्रों, शिक्षकों को सरकार द्वारा धमकी देकर विरोध को दबाया जा रहा, जो निंदनीय है। इससे विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में कमी आएगी।

उसी प्रकार राज्य शासन द्वारा बलौदाबाजार स्थित आत्मानंद विद्यालय में 11- 12वीं की कक्षा अकस्मात रूप में बंद कर दिया गया, जिससे अंचल के छात्र छात्राओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उक्त समस्या पर राज्य सरकार तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग कांग्रेस ने की। घेराव पश्चात जांगिड़ द्वारा कांग्रेसजनों की बैठक कर सात जुलाई को रायपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा को सफल बनाने अपील की। उक्त अवसर पर उपस्थित प्रमुखजनों में प्रभारी अशोक राज आहूजा, विधायक कसडोल संदीप साहू, विधायक भाटापारा इंद्र साव, विधायक बिलाईगढ़ कविता प्राण लहरे, शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुरेन्द्र शर्मा, जनकराम वर्मा, दिनेश यदु, हितेंद्र ठाकुर, सतीश अग्रवाल, सुशील शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष पलारी गोपी साहू, परमेश्वर यदु, राकेश वर्मा, मोती राम वर्मा, सुशील शर्मा, बसंत भृगु, सीमा वर्मा, बसंत आडिल, तुलसी राम वर्मा, पदमेश्वरी साहू, गौरी भृगु, संतोष यादव, प्रभाकर मिश्रा, अनिल साहू, राजा तिवारी, सुरेंद्र जायसवाल, लखेश साहूसहित पदाधिकारी, वरिष्ठजन शामिल हुए।

# करोड़ों की ठगी, शिक्षक रामनारायण सहित 2 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

■ शेयर मार्केट में दोगुना रकम वापस करने का झांसा देकर की ठगी

विकासखंड के ग्राम सोनाखान के आश्रित ग्राम महकम कुछ वर्षों से शेयर ट्रेडिंग के नाम से काफी चर्चा में रहा। यहां शासकीय शिक्षक रामनारायण साहू के अलावा इसके भाई हेमंत साहू, दोस्त और कुछ दलाल मिलकर लोगों को पैसा डबल करने का लालच देकर लूट रहे थे। ऐसा नहीं कि इसका काम कुछ दिनों से जारी था। सूत्र बताते हैं कि ये मुन्नाभाई विगत 3 वर्षों से लोगों को ठग रहे थे, लेकिन जब तक लोगों को पैसा मिलता रहा सब इसका फायदा उठाते रहे, लेकिन जब मिलना बंद हुआ तब इसकी शिकायत कसडोल थाना सहित आसपास के पुलिस थानों में निवेशकों द्वारा की गई। बहरहाल अब उक्त शासकीय शिक्षक पुलिस गिरफ्त में है और पूरे मामले की विवेचना जारी है।

**गोपाल ने कराया मामल दर्ज:** बीते दिवस कटगी निवासी गोपाल प्रसाद देवांगन द्वारा कसडोल थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी गई कि कटगी बस स्टैंड में श्री देवांगन की एल्युमिनियम स्टील वर्कशॉप की दुकान है। ग्राम महकम निवासी आरोपी रामनारायण साहू से बीते 25 अगस्त 2023 को रेलिंग लगाने के काम से जान ▶▶ शेष पेज 13 पर

**जानकारी मिली है**

अभी जानकारी संज्ञान में आयी है, उक्त शिक्षक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी।
-**अरविंद ध्रुव**, प्रभारी बीईओ, कसडोल

# अब ई-गवर्नेंस के जरिए होगी प्रशासनिक कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कार्यालयीन कार्य क़ो पूरी तरह से पेपरलेस एवं डिजिटल बनाने जिला प्रशासन द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों क़ो आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार क़ो जिला पंचायत सभाकक्ष में अधिकारी कर्मचारियों के लिए ई-ऑफिस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में सामान्य प्रशासन विभाग के मास्टर ट्रैनर द्वारा ई-ऑफिस कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार प्रशिक्षण में सभी कार्यालय के 2 अधिकारी-कर्मचारियों ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। प्रातः 10.30 से 12.30 बजे तक एवं अपरान्ह 2 से 4 बजे तक ई ऑफिस का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं अपरान्ह 4 से 5 बजे तक पीआईएमएस का प्रशिक्षण दिया गया। राज्य शासन की मंशानुरूप सुशासन अंतर्गत ई-गवर्नेन्स क़ो प्रभावी उपकरण के रूप में अपनाया जा रहा है। इससे सरकारी सेवाएं तेजी और आसानी से जनता तक पहुंचेगी। फाइलिंग में लगने वाला समय कम लगेगा, ट्रेकिंग से फाइल की स्थिति का पता लग सकेगा।

# 1975 में आपातकाल का दर्द पूरे भारत ने सहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ आपातकाल के 50 वर्ष पर हुई परेशानी को भाजपा ने छायाचित्र प्रदर्शनी में दर्शाया

स्थानीय नगर भवन में आपातकाल के 50वीं वर्षगांठ पर संविधान हत्या दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान आपातकाल लगाए जाने से भारत में पड़े प्रभाव दुष्प्रभाव से प्रभावित स्थितियों को प्रदर्शित करते हुए फोटोयुक्त प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, भाजपा नेता विजय केसरवानी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले व पार्षदों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के स्वागत उपरांत अतिथियों का उद्बोधन कराया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि सन 1975 में आपातकाल का दर्द पूरे भारत में सहा है। न्यायपालिका और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पूर्ण





रूप से दमन किया गया। शिक्षा पर नियंत्रण के साथ संविधान संशोधन सुंदरता के नाम पर लाखों लोगों के घर उजाड़ दिए गए। नसबंदी जैसे कानून लागू कर मानवीय संवेदनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया। साथ ही बड़े-बड़े राजनीतिज्ञ में अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी, राजनाथ सिंह को जेल में डाल दिया गया था। बाद में जिसका बदला आम जनता ने अपने वोट की ताकत से दिया और 1977 के चुनाव में कांग्रेस सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया गया और 154 सीट पर विपक्ष सिमट कर रह गई। इस दिन को लोग कभी नहीं भूल सके और इसके लिए भारत के ▶▶ शेष पेज 13 पर

### कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है

लोकतंत्र रंगमंच के कलाकार सहित शिक्षकों विद्यार्थियों पर यातना वह जबरन नसबंदी किया जाना व मीडिया की स्वतंत्रता पर लोग लगाते हुए तानाशाही पूर्ण आचरण अपनाया गया इस समय को याद करके आज यह कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नंदकुमार साहू ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अकारण देश में इमरजेंसी लागू कर देश को शर्मसार किया। इस छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन करने का यही उद्देश्य है कि संविधान की हत्या का आज के समय में नवयुवकों को व बच्चों को इस बात की जानकारी होना चाहिए कि राजनीतिक महत्वाकांक्षा से देश के नेतृत्व ने किस तरह काला दिवस मनाने के लिए हम सबको प्रेरित किया। वर्तमान में भारत के प्रधानमंत्री व विश्व के सर्वमान्य नेता नरेंद्र मोदी उस समय भी राष्ट्र को जागृत करने के लिए अग्रणी भूमिका में रहे हैं।

# रेलवे पार्किंग में मनमानी वसूली




**भाटापारा।** नगर के रेलवे स्टेशन पर पार्किंग व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित होती नजर आ रही है। यात्रियों का आरोप है कि पार्किंग ठेकेदार द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूली जा रही है और कंप्यूटरीकृत पर्ची तक नहीं दी जाती। यही नहीं, विरोध करने पर यात्रियों से बदसलूकी की जा रही है। रेलवे स्टेशन जिससे हर दिन सैकड़ों यात्री प्रभावित हो रहे है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह अवैध वसूली टिकट काउंटर के ठीक पास की जा रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ऐसा प्रतीत होता है कि इस अवैध कार्य को प्रशासन का मौन समर्थन प्राप्त है, क्योंकि स्टेशन परिसर में मौजूद अधिकारियों की आंखों के सामने यह सब हो रहा है और कोई कार्रवाई नहीं हो रही। पार्किंग शुल्क को लेकर कोई स्पष्ट बोर्ड या दर सूची भी नहीं लगाई गई है।

### टीबी मुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिले को मिली सराहना

# 189 पंचायतें टीबी मुक्त, 591 मरीजों का इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



केंद्र सरकार द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 7 दिसंबर 2024 से मार्च 2025 तक चले 100 दिवसीय निक्षय निरामय की समीक्षा की गई। इस दौरान देश को पूर्णतः टीबी मुक्त बनाने के लिए आगामी कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई। कलेक्टर दीपक सोनी एवं सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी एनआईसी क़क्ष में वीसी के माध्यम से जुड़े थे। इस अवसर पर भारत सरकार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की एडिशनल सेक्रेटरी आराधना पटनायक ने छत्तीसगढ़ में निक्षय निरामय अभियान के तहत किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में निक्षय निरामय अभियान के तहत केंद्र सरकार द्वारा 19 जिलों का चयन किया गया था, लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार ने एक कदम आगे बढ़कर प्रदेश के सभी जिलों में इस अभियान का विस्तार किया, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि निक्षय निरामय अभियान के पहले चरण में सरकार का फोकस लक्षणयुक्त मरीजों के चिन्हांकन और ईलाज पर था। अगले चरण में बिना लक्षण वाले मरीजों को भी अभियान से जोड़ा जाएगा। एनएचएम की मिशन डायरेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने इस अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों को जानकारी दी, जिसमें बलौदाबाज़ार-भाटापारा जिले को भी केंद्र सरकार की सराहना मिली। बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि जिले में टीबी उन्मूलन हेतु युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। जिले का स्वास्थ्य अमला लगातार टीबी मरीजों के चिह्नांकन एवं इलाज हेतु समर्पित भाव से कार्य कर रहा है, ताकि 2025 में हमारा देश टीबी से पूर्णतः मुक्त हो सके। इस कार्य में जिला प्रशासन को जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं औद्योगिक संस्थानों का भी पर्याप्त सहयोग मिल रहा है। कलेक्टर सोनी ने बताया कि अब तक जिले की 189 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त किया जा चुका है, इनमें पीएम जनमन योजना के तहत आने वाली दो ग्राम पंचायतें भी शामिल हैं। बैठक में सीएमएचओ डॉ. आरके अवस्थी ने बताया कि टीबी की संभावना वाले करीब 3 लाख नागरिकों में से 1 लाख 61 हज़ार की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

### अच्छे पोषण के लिए 1000 रुपये की सहायता राशि

स्क्रीनिंग के पश्चात इनमें से 70 हज़ार नागरिकों को टीबी मुक्त भारत अभियान में नोटिफाइड कर लिया गया है। अभियान के तहत 591 मरीज़ों का चिह्नांकन कर उनका उपचार किया जा रहा है। जिसके तहत उन्हें अच्छे पोषण के लिए 1000 रुपये की सहायता राशि और इच्छुक मरीजों को हाई प्रोटीन युक्त आहार वाले फुड बास्केट भी प्रदान किए जा रहे हैं। जिले में 664 निक्षय मित्र हैं। इसके अलावा प्रतिदिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा 25 मरीजों से फीड बैक लिया जाता है। इस दौरान उनकी काउंसिलिंग भी की जाती है।

# तीन लाख से अधिक राशन कार्डधारकों को मिला एकमुश्त चावल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन के निर्देशानुसार सार्वजानिक वितरण प्रणाली अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत जिले के राशन कार्ड धारकों क़ो तीन माह का एकमुश्त चावल दिया जा रहा है। जिले के कुल 376111 राशन कार्ड धारियों में से अब तक 3 लाख कार्डधारियों क़ो माह जून, जुलाई और अगस्त का चावल एकमुश्त वितरण किया गया है तथा शेष कार्डधारियों क़ो 30 जून तक वितरित कर दिया जाएगा। खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार चावल के अतिरिक्त अन्य राशन सामग्री जैसे शक़्कर, चना, नमक एवं गुड़ का वितरण नागरिक आपूर्ति निगम में स्टॉक की उपलब्धता के आधार पर माह जून, जुलाई एवं अगस्त माह पृथक पृथक वितरण किया जाएगा। जिले का पहुंचविहीन क्षेत्र में संचालित 9 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में माह जून, जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर का भण्डारण कर एकमुश्त वितरण कराया जा रहा है, ताकि बारिश में खाद्यान्न उठाव करने में राशन कार्डधारियों क़ो किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# पायलट ने किया दावा- हमारे नेताओं को भाजपा ने दिया लालच, समय आने पर करेंगे खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने बीजेपी पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, भाजपा डराने की रणनीति और राजनीति पर काम कर रही है। पहले वह लोगों को लालच देती है, उसके बाद डराती है। अपनी राजनीति को साधने के लिए कांग्रेस नेताओं के साथ यह खेल भारतीय जनता पार्टी कर रही है।

कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाताओं से चर्चा में कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने कहा, कांग्रेस पार्टी के सभी नेता एकजुट हैं। कांग्रेस को बीजेपी से किसी तरह का डर नहीं है। भाजपा जिस तरीके की राजनीति कर रही है, वह आज तक की लोकतांत्रिक राजनीति में हुआ नहीं है। उन्होंने कहा, पहले कांग्रेस नेताओं को लालच दिया जाता है। अगर वह नहीं मानते हैं, तो उन पर केस कर दिया जाता है। यह पूछे जाने पर की कांग्रेस के छत्तीसगढ़ के ऐसे कौन-कौन से नेता हैं, जिन्हें भाजपा ने प्रलोभन दिया। उन्होंने इस पर कहा कि उसकी लिस्ट हमारे पास मौजूद है। समय आने पर उसका खुलासा करूंगा।

### पूरी तरह फेल छत्तीसगढ़ सरकार

सचिन पायलट ने कहा, दो दिनों से हम यहां बैठक कर रहे हैं। सभी नेताओं से हमने फीडबैक लिया है। जो फीडबैक हमें मिला है उसके आधार पर हम आगे की रणनीति बनाएंगे। बैज की अध्यक्षता में प्रदेश संगठन ने कई बड़े आंदोलन किए है। उन्होंने कहा, आज से डेढ़ साल पहले जनता से जो वादा करके छत्तीसगढ़ की सरकार बनी थी, वह एक भी वादा पूरा नहीं कर रही है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की सरकार पूरी तरह फेल है। अपनी पीठ थपथपाने के लिए केंद्र के नेताओं को बुलाती है और उनसे अपनी उपलब्धियां गिनवाती है। प्रदेश प्रभारी ने कहा, उनके काम की एक भी उपलब्धि जनता के बीच नहीं है। यही वजह है कि जनता के बीच जाने से यह कतराते हैं।

- नेताओं से हमने फीडबैक लिया, उसके आधार आगे की रणनीति बनाएंगे



### किसानों की अनदेखी का आरोप

सचिन पायलट ने कहा, धान की बोआई का समय आ गया है। किसान परेशान है, लेकिन बीजेपी किसानों के लिए खाद का इंतजाम नहीं कर पा रही है। भाजपा ने यह मान लिया है कि किसान कांग्रेस के वोट बैंक है, इसलिए किसानों के लिए यह लोग काम नहीं कर रहे हैं।

### लॉ एंड ऑर्डर फेल होने का आरोप

सचिन पायलट ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लॉ ऑर्डर की व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है। यहां पर लोगों को सुरक्षा देने में भाजपा की सरकार पूरी तरह फेल है। रायपुर राजधानी में एक महीने में 12 बार से ज्यादा गोली चलने की घटना हो चुकी है। अपराधी बेलगाम हैं। सरकार उन पर कोई काम नहीं कर रही है। बयानों में सरकार के काम का चल रहे हैं, इससे ज्यादा एक भी काम यहां पर सरकार नहीं कर रही है।

**सबसे बड़ा मुद्दा मंदिर मस्जिद** : छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने कहा, भाजपा के पास बताने के लिए जब कोई जवाब नहीं रहता है। उनका सबसे बड़ा मुद्दा मंदिर मस्जिद हो जाता है। उनकी राजनीति फिर इस मंदिर मस्जिद पर जाकर सिमट जाती है। भेदभाव की राजनीति बंटवारे की राजनीति भाजपा का एजेंडा बन जाता है।

## खबर संक्षेप



### सीएम साय ने केंद्रीय मंत्री जोशी से की सौजन्य भेंट

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय खाद्य, उपभोक्ता मामले एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी से सौजन्य भेंट की।

### एमएसएमई को ऋण देने की प्रक्रिया हो सरल



**रायपुर।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं संसद की प्राक्कलन समिति के सदस्य बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को समिति के अध्ययन दौरे के तहत मुंबई में कई महत्वपूर्ण बैठकों और स्थलीय निरीक्षणों में भाग लिया। इस दौरान समिति अध्यक्ष संजय जायसवाल, सांसद नवीन जिंदल समेत अन्य सदस्य, विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और इसकी सहायक कंपनियों के कार्य संचालन की समीक्षा विषय पर स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), इस्पात मंत्रालय और महाराष्ट्र राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अनौपचारिक चर्चा की।

### डीईओ को कांग्रेस नेता विकास ने भेजा मानहानि का नोटिस

**रायपुर।** प्राइवेट और सरकारी स्कूलों में हजारों छात्रों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक नहीं मिलने के मामले में रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी को नोटिस जारी किया गया था। ये कार्रवाई कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि विकास तिवारी की शिकायत पर की गई थी। शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक राकेश कुमार पांडेय ने इसके बाद मामले की जांच के लिए निर्देशित किया है। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल रायपुर को पूरे मामले की वस्तुस्थिति को स्पष्ट करते हुए तथ्यात्मक जानकारी भेजने के निर्देश दिए थे। पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए विजय खंडेलवाल ने कहा था कि पैसों की उगाही के लिए उन पर गलत आरोप लगाए जा रहे हैं। अब ये मामला कोर्ट-कचहरी तक पहुंच सकता है। दरअसल, कांग्रेस नेता और प्रवक्ता विकास तिवारी ने अपने वकील के माध्यम से खंडेलवाल की प्रतिक्रिया पर मानहानि का नोटिस भेजा है। उन्होंने 7 दिनों के भीतर खंडेलवाल से लिखित में माफीनामा और आरोपों की सफाई मांगी है।

### विप्र बच्चों के लिए कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम 29 को

**रायपुर।** शासकीय महिला पॉलिटेक्निक बैरन बाजार के ऑडोटोरियम हाल में 29 को ब्राह्मण समाज के बच्चों के लिए कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रोग्राम में समाज के बच्चों को समाज के ही उच्च पदों पर आसीन विद्वानों, मनीषियों द्वारा कैरियर से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। यह कार्यक्रम विप्रजन कल्याण एकता समिति रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा होगा। संस्था के अध्यक्ष आलोक तिवारी ने बताया कि अभी तक 80-85 बच्चों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है और अभी रजिस्ट्रेशन शुरू है। ये प्रोग्राम निशुल्क है। इस कार्यक्रम के संयोजक सतीशचंद्र मिश्रा, प्रमोद पांडेय, अभिषेक मिश्रा से संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि 27 जून है।

### पुराने सोलर प्लांट वाले टीओडी बदलने से भी परेशानी में, आयोग में लगाई है याचिका

# पॉलिसी में खामियां, उद्योग नहीं लगा पा रहे सोलर प्लांट, 300 मेगावाट के उत्पादन की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

देशभर में सोलर प्लांटों को बढ़ावा देने का काम हो रहा है, लेकिन अपने राज्य में सोलर प्लांट के लिए बनी पॉलिसी में खामियों के कारण यहां पर उद्योगों को सोलर प्लांट लगाने में परेशानी हो रही है। जहां एक तरफ मिनी स्टील प्लांटों ने ही 200 मेगावाट के प्लांट लगाने की योजना तैयार करके रखी है, वहीं एमएसएमई भी करीब सौ मेगावाट के प्लांट लगाने की तैयारी में है। सबको पॉलिसी की खामियां दूर होने का इंतजार है। इधर अभी नई पॉलिसी तो नहीं बनी है, लेकिन यह बात सामने आ रही है कि छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने टाइम ऑफ डे (टीओडी) में जो बदलाव किया है, उससे जहां पहले से चल रहे सोलर प्लांटों को बड़ा झटका लगा है, वहीं नए सोलर प्लांट लगाने वालों ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं। सोलर प्लांट संचालकों ने इसके खिलाफ बिजली नियामक आयोग में याचिका भी लगाई है। इस पर अब सुनवाई होने वाली है। इस सुनवाई में अगर पहले जैसा टीओडी नहीं किया गया, तो यह तय है कि उद्योगों की सोलर योजना को बड़ा झटका लग सकता है।

बिजली के लिए पॉवर कंपनी ने टीओडी बनाकर रखा है। पहले इस टीओडी में सुबह 6 से लेकर शाम के 6 बजे तक के समय को सामान्य समय माना जाता था। शाम के 6 से लेकर रात के 11 बजे को पीक आवर माना जाता था। रात के 11 से लेकर सुबह 6 बजे तक के समय को ऑफ पीक माना जाता था। लेकिन अब इसको बदल दिया गया है। अब सुबह 9 से लेकर शाम को 5 बजे तक को ऑफ पीक कर दिया गया है। इसी तरह से शाम 5 से लेकर 11 बजे तक के समय को पीकआवर और रात के 11 से लेकर सुबह के 9 बजे तक के समय को सामान्य समय माना जा रहा है।



### नहीं हो रहा बिजली का पूरा उपयोग

सोलर प्लांट संचालकों का कहना है कि पहले दिन का समय सामान्य होने के कारण दिन और रात में बिजली का पूरा उपयोग हो जाता था। लेकिन अब इसका पूरा उपयोग नहीं हो रहा है, क्योंकि रात की बिजली में सोलर की बिजली को एडजस्ट नहीं किया जा रहा है। बची हुई बिजली व्यर्थ जा रही है। सोलर से जितनी बिजली बनती है, उसको बिजली बिल के साथ एडजस्ट करते हैं। लेकिन दिन की खपत में ही इसको एडजस्ट किया जा रहा है, रात की खपत में एडजस्ट नहीं कर रहे हैं, क्योंकि रात के समय में पीक आवर रहता है।

### उद्योगों को भी डबल झटका

प्रदेश में उद्योग 24 घंटे चलते हैं। ऐसे में उद्योगों को रात में 20 फीसदी सस्ती बिजली मिल जाती थी, लेकिन अब रात में पीक आवर होने के कारण रात की बिजली 20 फीसदी तक महंगी हो गई है। इसी के साथ जिनके पास सोलर प्लांट हैं, उनकी दिन की बची बिजली को रात की खपत में एडजस्ट नहीं किया जा रहा है, इससे उद्योगों को डबल झटका लग रहा है। राजधानी के मिनी स्टील प्लांट से लेकर अन्य उद्योगों का कहना है कि वैसे ही बिजली महंगी है और फिर से नए सत्र में बिजली के महंगे होने की संभावना है ऐसे में टीओडी के कारण और परेशानी हो रही है।

### पॉलिसी ठीक होगी तो लगाएंगे

*देश के कई राज्यों अच्छी पॉलिसी होने के कारण वहां पर उद्योग सोलर प्लांट लगा रहे हैं, अपने यहां पॉलिसी ही सही नहीं है। ओपन एक्सेस, विलिंग और बैंकिंग शुल्क लगा दिया गया है। टीओडी भी बदल दिया है। अगर पॉलिसी ठीक की गई तो 200 मेगावाट के प्लांट लगाने की तैयारी है।*

**- मनीष धुप्पड़**
महासचिव
मिनी स्टील प्लांट

### सब्सिडी भी दें

*छोटे उद्योगों एमएसएमई को सब्सिडी भी दें और पॉलिसी सही कर दें तो छोटे उद्योग पांच-पांच मेगावाट के कई प्लांट लगा देंगे। ऐसे में सौ मेगावाट से ज्यादा के हमारे प्लांट लग जाएंगे।*

**- अश्विन गर्ग**
अध्यक्ष
उरला एसोसिएशन

### जारी हुआ आदेश

# नक्सल हिंसा में शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को किसी भी विभाग में अनुकंपा का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नक्सल हिंसा में शहीद होने वाले पुलिस सेवकों के परिजनों को किसी भी सरकारी विभाग में अनुकंपा नियुक्ति मिलने का रास्ता साफ हो गया है। इस संबंध में सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। इससे पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस संबंध में फैसला किया गया था। दूसरी ओर सामान्य अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में भी एक अलग आदेश जारी किया गया है।

### बलिदानी पुलिस परिवार के लिए आदेश

सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने नक्सल हिंसा में शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने से संबंधित आदेश से शासन के सभी विभागों, छत्तीसगढ़ राजस्व मंडल, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागायुक्त और सभी कलेक्टरों को अवगत कराया है। आदेश में कहा गया है कि नक्सल हिंसा में शहीद पुलिस सेवकों के प्रकरण में उनके परिवार के किसी भी पात्र सदस्य(महिला या पुरुष) को विकल्प के आधार पर पुलिस विभाग के अलावा किसी अन्य विभाग में या राज्य के किसी भी जिला संभाग में अनुकंपा नियुक्ति दी जा सकेगी।

### ये जानकारी देनी होगी

क्या प्रशासकीय विभाग द्वारा प्रकरण के संबंध में अनुकंपा नियुक्ति निर्देशों के तहत परीक्षण कर लिया गया है? क्या नस्ती के साथ प्रकरण की सुस्पष्ट संक्षेपिका संलग्न है? क्या आवेदक द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है, जो नस्ती में संलग्न है? क्या विचाराधीन अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरण 05 वर्ष के भीतर है? (दिवंगत शासकीय सेवक के मृत्यु तिथि से गणना की जाये) क्या आवेदक, अनुकम्पा नियुक्ति निदेश-2013 की कंडिका (5) एवं (6) में उल्लेखित अनुसार दिवंगत शासकीय सेवक के आश्रित परिवार का सदस्य है? क्या आवेदक छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवास प्रमाण-पत्र धारक है? क्या आवेदक की आयु विभागीय भर्ती नियमानुसार निर्धारित सीमा के भीतर है? क्या दिवंगत शासकीय सेवक के परिवार में कोई अन्य सदस्य पूर्व से शासकीय सेवा में है? (आश्रित सदस्य में विवाहित पुत्र-पुत्री, पुत्रवधु भी शामिल है) दिवंगत शासकीय सेवक के सेवा पुस्तिका में आवेदक का नाम इंद्राज नहीं होने की स्थिति में, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वारिसान, उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र संलग्न है? आवेदक को अनुकम्पा नियुक्ति देने हेतु आश्रित सदस्य आपस में सहमत है? शपथ-पत्र संलग्न किया जाये। निर्धारित सीमा अंतर्गत अनुकम्पा नियुक्ति हेतु पद (सीधी भर्ती के तृतीय श्रेणी का निम्नतम पद अथवा चतुर्थ श्रेणी) उपलब्ध है? क्या प्रकरण में प्रशासकीय अनुमोदन प्राप्त है? इसी आदेश में सामान्य प्रशासन विभाग ने साफ किया है कि एक बार अनुकम्पा नियुक्ति मिलने के पश्चात पद परिवर्तन का प्रावधान नहीं है, अतः इस प्रकार के मामले सामान्य प्रशासन विभाग को अभिमत के लिए न भेजे जाएं।

# फीडरों का ऐसा बुरा हाल, गांवों से राजधानी तक के उपभोक्ता बिजली गुल से बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार एक तरफ प्रदेश की जनता को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं देने में लगी है, तो दूसरी तरफ कुछ विभागों के अधिकारी ही सरकार के मंसूबों पर पानी फेरने में लगे हैं। इस समय सबसे ज्यादा जनता को बिजली विभाग से शिकायतें हैं। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी से 55 सौ फीडर हैं। इन फीडरों में से ज्यादातर का ऐसा बुरा हाल है कि लगातार बिजली गुल होने से उपभोक्ता बेहाल हो गए हैं। गांवों की तो बात ही छोड़ दें राजधानी रायपुर में ही शहर के ज्यादातर हिस्सों में फीडरों से रोज दो से चार बार बिजली का बंद होना आम बात हो गई है। प्रदेश का ऐसा कोई शहर नहीं होगा, जहां के उपभोक्ताओं की बिजली बंद होने की शिकायत नहीं होगी। फीडरों से बिजली बंद क्यों होती है इसका कोई भी संतोषजनक जवाब पॉवर कंपनी के अधिकारियों के पास नहीं है। पॉवर वितरण कंपनी के एमडी भीम सिंह कंवर का कहना है, लगातार मेंटेनेंस का काम हो रहा है। कहीं कोई परेशानी होगी तो उसको भी ठीक कर देंगे। प्रदेश भर में पॉवर कंपनी द्वारा फीडरों को साल में तीन से चार बार मेंटेनेंस के नाम पर चार से छह घंटों के लिए बंद किया जाता है। इसके बाद भी इन फीडरों में रोज खराबी आना आम बात है। जब फीडरों को मेंटेनेंस के नाम पर बंद किया जाता है तो आखिर ऐसा क्या मेंटेनेंस होता है जो कई बार मेंटेनेंस करने वाले ही दिन या फिर दूसरे दिन फिर से फीडर में खराबी आ जाती है।

**राजधानी के फीडरों का हाल भी बुरा :** राजधानी रायपुर के फीडरों का भी हाल बहुत बुरा है। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां के फीडर आए दिन रोज दो से चार बार बंद नहीं होते हैं। इसका भी कोई समय नहीं है। कभी रात को 12 बजे, कभी 3 बजे तो कभी अल सुबह पांच बजे, कभी सुबह को 8 बजे, तो कभी दोपहर को तीन बजे बिजली गुल हो जाती है।

### कहीं समस्या है तो उसका समाधान करेंगे

*लगातार फीडरों का मेंटेनेंस करके उनको ठीक करने का काम किया जा रहा है। अगर कहीं कोई समस्या है तो उसकी जानकारी लेकर उसको भी ठीक करने का काम करेंगे।*

**- भीम सिंह कंवर**
एमडी, पॉवर वितरण कंपनी



# शिविर में युवाओं ने किया 2800 से अधिक यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अदाणी फाउंडेशन की सामाजिक सरोकार की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, छत्तीसगढ़ के सात जिलों में 20 से 24 जून तक चार दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह पहल अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के 63 वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किया गया। यह आयोजन समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और सेवा भावना से प्रेरित था।रक्तदान अभियान के दौरान रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, रायगढ़, कोरबा, बलौदाबाजार और दुर्ग जिलों में समूह के अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों ने मिलकर कुल 2,846 यूनिट रक्तदान किया।

- अडानी फाउंडेशन की पहल पर छत्तीसगढ़ में चार दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर आयोजित



### 37 हजार से ज्यादा पौधों का रोपण किया गया

अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज द्वारा सरगुजा में न केवल 269 यूनिट रक्तदान किया, बल्कि स्थानीय जैव विविधता को सहेजते हुए 37,150 से अधिक स्थानीय प्रजातियों के पौधों का रोपण भी किया गया। रायगढ़ की गारेपेल्मा-3 परियोजना में 140 यूनिट से अधिक रक्तदान किया गया। इसके अलावा अदाणी पॉवर लिमिटेड रायपुर- 824 यूनिट, रायगढ़- 499 यूनिट, कोरबा- 655 यूनिट अदाणी सीमेंट लिमिटेड अंबुजा सीमेंट, भाटापारा- 149 यूनिट, एसीसी सीमेंट, जामुल- 308 यूनिट सभी रक्त यूनिट संबंधित जिलों की रेड क्रॉस सोसाइटी और राजकीय अस्पतालों को प्रदान किए गए।

इस उपलक्ष्य पर रायपुर स्थित अदाणी समूह के राज्य कार्यालय द्वारा राम मंदिर, वीआईपी रोड में सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें 500 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

गौरतलब है कि अदाणी समूह ने देशभर में एक विशाल रक्तदान अभियान का आयोजन किया है, जो 21 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 206 शहरों में आयोजित किया गया। इस अभियान ने इस बार 27661 यूनिट (लगभग 11,100 लीटर) रक्त एकत्र किया। यह पहल अदाणी हेल्थकेयर टीम के नेतृत्व में संचालित की गई। इस रक्त संग्रह से 83000 से अधिक मरीजों को लाभ मिलने की संभावना है, क्योंकि इससे संपूर्ण रक्त, पीसीवी, प्लेटलेट कंसंट्रेट्स, प्लाज़्मा, एफएफपी, क्रायो प्रेसिपिटेट और एल्ब्यूमिन जैसे कई जीवन रक्षक रक्त घटकों की आपूर्ति संभव होगी।

अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. प्रीति अदाणी ने कहा, मैं हमारे अदाणी परिवार का दिल से धन्यवाद् करती हूं, जिन्होंने आगे आकर इस सेवा कार्य को सार्थक बनाया। आपकी उदारता अनगिनत जीवनों को छूएगी।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाह अनुसार, रक्तदान की प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित है, इसमें केवल 350-400 मिलीलीटर रक्त लिया जाता है और शरीर कुछ ही समय में इसकी पूर्ति कर लेता है। 18 से 60 वर्ष की उम्र का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।

### हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने कहा

# न्यायाधीश की भूमिका केवल प्रशासनिक और न्यायिक नहीं, नैतिक दायित्व भी होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एवं मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ न्यायिक अकादमी बिलासपुर रमेश सिन्हा ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ राज्य के जिला न्यायालयों में पदस्थ एवं वर्ष 2024 में नवपदोन्नत जिला न्यायाधीशों (प्रवेश स्तर) के लिए ओरिएंटेशन कोर्स (अंतिम चरण) कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सभी प्रतिभागी अधिकारियों को उनकी पदोन्नति पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला न्यायालय स्तर पर न्याय की गरिमा को बनाए रखने की अब उन पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एक जिला न्यायाधीश की भूमिका केवल प्रशासनिक और न्यायिक नहीं होती, बल्कि यह एक नैतिक दायित्व भी होता है, जिसमें विवेक, धैर्य और करुणा की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर हाईकोर्ट की न्यायाधीश व छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी की अध्यक्ष रजनी दुबे भी उपस्थित रहीं। मुख्य न्यायाधीश ने निरंतर न्यायिक शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कानूनी दृष्टिकोण को परिष्कृत करने, न्यायिक मूल्यों को सुदृढ़ करने और अधिकारियों को जटिल कानूनी व मानवीय चुनौतियों से संतुलित एवं ईमानदारी पूर्वक निपटने के लिए तैयार करने में अत्यंत सहायक होते हैं। उन्होंने अधिकारियों से निष्पक्षता, सहानुभूति और उत्तरदायित्व की भावना से युक्त न्यायिक स्वभाव अपनाने का आह्वान किया, साथ ही समयबद्ध एवं युक्तिसंगत निर्णय देने, न्यायालय में शिष्टाचारपूर्ण आचरण और जन-केंद्रित न्याय प्रणाली की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में न्यायिक कार्यप्रणाली में बदलाव आया है। ई-फाइलिंग, वर्चुअल सुनवाई, डिजिटल अभिलेख और एआई आधारित उपकरणों का उपयोग के लिये भविष्य के लिए तैयार न्यायाधीशों के रूप में आपको न केवल इन परिवर्तनों को अपनाना होगा, बल्कि इन नवाचारों को न्याय की अधिक पहुंच और कुशलता के लिए उदाहरण के रूप में लागू करना होगा।

- जिला न्यायालय स्तर पर न्याय की गरिमा को बनाए रखे



### न्यायपालिका में प्रदत्त विश्वास की रक्षा करें

उन्होंने सभी प्रतिभागी से कहा कि न्यायिक अध्ययन जीवन पर्यन्त चलता है, और विनम्रता उसका सहचर होती है, कानून की गरिमा और जनता द्वारा न्यायपालिका में प्रदत्त विश्वास की रक्षा करें। यह कोर्स उन्हें केवल कानूनी ज्ञान ही नहीं, बल्कि अपने दायित्वों को विवेक और गरिमा के साथ निभाने की प्रेरणा और दृढ़ संकल्प भी प्रदान करेगा। यह उल्लेखनीय है कि, जिला न्यायालयों में पदस्थ एवं वर्ष 2024 में नव- पदोन्नत जिला न्यायाधीशों (प्रवेश स्तर) के लिए 23 से 28 जून तक ओरिएंटेशन कोर्स का आयोजन किया गया है। यह ओरिएंटेशन कोर्स नव पदोन्नत जिला न्यायाधीशों की नेतृत्व क्षमता एवं न्यायिक दक्षता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल एवं रजिस्ट्री एवं न्यायिक अकादमी के अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

# राजस्व के सात हजार से ज्यादा प्रकरण लंबित कलेक्टर ने दिए जल्द निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में राजस्व संबंधी सात हजार से ज्यादा प्रकरण लंबित हैं। कलेक्टर गौरव सिंह ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक ली, जिसमें उन्होंने राजस्व के लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द निराकरण करने अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेते हुए कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की कार्यप्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा भी की और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। डॉ. सिंह ने कहा कि सीमांकन, त्रुटि सुधार, अविवादित नामांतरण, पात्र खसरे का बटांकन जैसे प्रकरणों को प्राथमिकता में लेकर त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी प्रकरण राजस्व कार्यालयों में अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहना चाहिए। कलेक्टर ने आरसीसी (राजस्व न्यायालय) और पंचायत स्तर के प्रकरणों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को इनका शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों का त्वरित समाधान आम जनता को राहत पहुंचाने के लिए अत्यंत आवश्यक है, यह शासन की प्राथमिकता है।



स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION | CAREER GUIDANCE | ADMISSION
COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य है।
मो.: 9340751120, 9131330801, 7869622725
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
योग्यता - 12वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB.TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB.TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Years
पता : राछाभाठा (नवागढ़) जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.), कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### हायर सेकंडरी में मना प्रवेशोत्सव

**पलारी।** विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान प में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य जामवंती साहू, प्रतिनिधि नीलकमल साहू, सरपंच प्रतिनिधि पुरषोत्तम फेकर, उपसरपंच नरोत्तम यादव, विधायक प्रतिनिधि मोहन ध्रुव एवं शाला विकास समिति के सदस्यों की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। जनपद सदस्य प्रतिनिधि नीलकमल साहू ने कहा कि स्कूल आ पढ़े बर जिनगी ल गढ़े बर यह कथन ल चरितार्थ करना हे पढ़ाई लिखाई का जीवन में विशेष महत्व है। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को अतिथियों के करकमलों से मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को मिठाई खिलाकर और गुलाल से स्वागत कर पुस्तक वितरण की गई। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि मोहन ध्रुव, जनपद सदस्य जामवंती साहू, प्रतिनिधि नीलकमल साहू, सरपंच प्रतिनिधि पुरषोत्तम फेकर, उपसरपंच नरोत्तम यादव शाला विकास समिति के सदस्य हेमकुमार साहू, बिहारी वर्मा, लालकुमार यादव, लता टामन, फेकर, पंच विद्याभूषण साहू, पंच प्राचार्य मनोज वर्मा, अरविंद ध्रुव, पवन साहू, विजय कुर्रे, रविशंकर साहू, ललित वर्मा, रश्मि ठाकुर, महेश्वरी वर्मा, योगेश्वरी धुरंधर, गीता श्रेय, पूजा जायसवाल, प्रकाशचंद धेनु आदि उपस्थित थे।

### तालाब में डूबने से दो छात्रों की मौत

**महासमुंद।** खल्लारी थानांतर्गत ग्राम सोरमसिंघी के एक तालाब में नहाने गए दो मासूमों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मौके पर पहुँची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से दोनों भाइयों के शवों को तालाब से निकाला और पीएम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार कक्षा पहली में पढ़ने वाला द्रोण निषाद (7) और आंगनबाड़ी में पढ़ने वाला दुष्यंत निषाद (6 ) दोनों चचेरे भाई मंगलवार को स्कूल की छुट्टी के बाद शाम करीब चार बजे तालाब गए और दोनों ने तालाब में छलांग लगा दी । डूबने से उनकी मौत हो गई । बताया जाता है कि हाल ही में तालाब में गहरीकरण हुआ था। जिस स्थान पर दोनों मासूमों ने छलांग लगाई ठीक वहीं जेसीबी से खुदाई की वजह से बड़ा गड्ढा था। दोनों इस 10 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरे और वापस नहीं निकल पाए। डूबने से दोनों की मौत हो गई।

समीक्षा : न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में व्यापक समीक्षा

# बोर्ड ऑफ विजिटर के सदस्यों ने किया जिला जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

उच्चतम न्यायालय पारित निर्णय की कंडिका 231(पपप) के निर्देशानुसार 25 जून को संयुक्त रूप से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला जेल विजिटर्स बोर्ड के सदस्यों द्वारा अब्दुल जाहिद कुरैशी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार की अध्यक्षता में जिला जेल का निरीक्षण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सचिव अमिता जायसवाल एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राधेश्याम ध्रुव, विजिटर्स बोर्ड के सदस्य, दीपक सोनी कलेक्टर, भावना गुप्ता पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी सहित अपर कलेक्टर, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, रोजगार विभाग, कृषि विभाग, औद्योगिक विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बंदियों को विधिक सहायता के लिये जेल में लीगल एड क्लिनिक की स्थापना प्राधिकरण द्वारा की गई। लीगल एड डिफेंस कौंसिल के सदस्य, पेनल अधिवक्ता, पैरालीगल वालंटियर नियमित रूप से जेल विजिट कर बंदियों से मुलाकात कर उनके प्रकरणों की जानकारी प्रदान की जा रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के द्वारा समय-समय पर जिला जेल बलौदाबाजार में विधिक सेवा साक्षरता का आयोजन किया जा रहा है। बोर्ड आफ विजिटर्स के अध्यक्ष अब्दुल जाहिद कुरैशी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा जिला जेल बलौदाबाजार में नेत्र परीक्षण हेतु विशेष शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया गया है।



### सभी बैरकों का भ्रमण एवं बंदियों से सीधा संवाद

निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जेल में किसी प्रकार का जातिगत भेदभाव तो नहीं हो रहा है एवं बंदियों के चिकित्सा, स्वास्थ्य, भोजन, विधिक सहायता से अधिवक्ता, जेल के अभिलेखों का निरीक्षण किया जाना था। निरीक्षण में जेल के अंदर जातिगत भेदभाव की प्रथा नहीं होना पाया गया है। जेल के समस्त बैरकों में जाकर उपस्थित बंदियों एवं जेल के कर्मचारी एवं अधिकारियों से चर्चा की गई तथा भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य परीक्षण एवं समय-समय पर चिकित्सा प्राप्त होने के संबंध में पूछा गया, जो जेल नियमावली के अनुसार उचित होना पाया गया।

# अर्जुनी-टोनाटार चौक किनारे बनी नाली टूटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

एडीबी के तहत भाटापारा से बलौदाबाजार मुख्य सड़क निर्माण के दौरान अर्जुनी में सड़क के दोनों ओर नाली बनाई गई थी। सड़क के दोनों ओर बनाए गई नाली निर्माण में गुणवत्ता की कमी के चलते अब नालियां क्षतिग्रस्त हो रही है। ग

राम अर्जुनी-टोनाटार चौक के पासे सड़क किनारे बनी नाली टूट गई है। अर्जुनी-टोनाटार चौक के पास टोनाटार की ओर जाने वाली सड़क के बीचो-बीच नाली को टूटे कई महीने हो चुके हैं। वहीं संबंधित विभाग की अनदेखी राहगिरों के लिए किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। अर्जुनी से टोनाटार चौक पर कई गांवों के राहगीरों का आना-जाना रहता है। रात के समय टूटी हुई नाली में गिरकर कई राहगीर चोटिल भी हो चुके हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग कुंभकर्णीय नींद में सोए हुए हैं। पूर्व जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश साहू, टोनाटार सरपंच विष्णु कोसले, उपसरपंच पिंकू कुलेश्वर वर्मा, पूर्व उपसरपंच गेंदराम वर्मा, मेघु रजक, चिंतामणि जायसवाल ने बताया कि अर्जुनी टोनाटार चौक के पास सड़क के बीचों-बीच नाली की छत टूट गई है और छड़ भी दिखाई दे रही हैं।

नाली को टूटे कई महीने हो चुके हैं। फिर भी संबंधित विभाग द्वारा टूटी हुई नाली की मरम्मत के लिए कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने टूटी हुई नाली की शीघ्र ही मरम्मत करने की मांग की है।

# धान बुआई में पावर टिलर बना किसानों का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



ग्राम चकवे सहित चोरभट्टी, परसदा, देवरातिल्दा आदि गांवों में इन दिनों बारिश के बाद किसान धान की बुवाई कार्य में जुट गए हैं। चकवे निवासी प्रगतिशील किसान सेतराम साहू ने पावर टिलर मशीन से धान की बुवाई करते हुए बताया कि यह मशीन लघु एवं सीमांत किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। सेतराम साहू के अनुसार, पावर टिलर मिट्टी को भुरभुरा एवं लूज कर क्यारी बनाने में सक्षम है। इससे खेती में लागत कम आती है और श्रम की बचत होती है।

■ आधुनिक यंत्र से कम लागत में अधिक उत्पादन

यह मशीन न केवल बुवाई बल्कि सिंचाई और धुलाई कार्य में भी उपयोगी है। इसके प्रयोग से वह सफल किसान बनने की दिशा में अग्रसर हैं। ग्राम की प्रगतिशील महिला किसान अनुराधा साहू ने बताया कि इस मशीन का उपयोग करने में न तो किसी तकनीकी प्रशिक्षण की आवश्यकता हुई और न ही अतिरिक्त मजदूरी की। इससे समय, श्रम और धन तीनों की बचत हो रही है। धान की बुवाई में किसान कोस्टल किंग, सफरी, स्वर्ण 1010, महामाया जैसी उन्नत वैरायटी का छिड़काव कर दोबारा बुवाई कर रहे हैं।

प्रगतिशील किसानों में अनुराधा साहू, सेतराम साहू, सनत कुमार वर्मा, गोवर्धन नायक, संदीप साहू, संजू साहू और प्रेमनाथ वर्मा प्रमुख रूप से इस आधुनिक कृषि तकनीक को अपनाकर एक मिसाल कायम कर रहे हैं।

# प्रवेशोत्सव पर प्रतिभावान छात्र हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पीएम श्रीभरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि धरसीवा विधायक अनुज शर्मा थे। अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत खरोरा अध्यक्ष सुनीता सोनी और शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत नवप्रवेशी बच्चों के स्वागत से हुई। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने बच्चों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर और पुस्तकें भेंट कर विद्यालय में विधिवत प्रवेश कराया। अंग्रेजी माध्यम के छात्रों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर समारोह में उत्सव का माहौल बनाया। बच्चों के उत्साह और गीत की मधुरता ने सभी का मन मोह लिया।

विधायक अनुज शर्मा ने कहा, यह दिन आपके जीवन का नया अध्याय है। मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ अपने सपनों को उड़ान दें। उन्होंने विद्यालय में नए प्रार्थना शेड निर्माण की घोषणा की, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा।

जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने बच्चों को कठिन परिश्रम और समर्पण के साथ जीवन में ऊंचाइयां हासिल करने का आह्वान किया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने नवप्रवेशी बच्चों को नियमित अध्ययन और विद्यालय में उपस्थिति के लिए प्रोत्साहित किया।

आभार प्रदर्शन नगर पंचायत उपाध्यक्ष व विधायक कार्यालय प्रभारी सुमित सेन ने किया। इस मौके पर सुरेंद्र वर्मा, अनिल सोनी, पार्षद जयप्रकाश वर्मा, पार्षद तामेश्वर मरकाम, पार्षद राकेश देवांगन, पार्षद लीला देवांगन, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य यज्ञदत्त शर्मा, सचिन अग्रवाल, दुलेश साहू, रश्मि वर्मा, गुरजीत कौर भाटिया, सुनील नायक, प्राचार्य रजनी मिंज, शिक्षक पुरुषोत्तम देवांगन, शाहिना परवीन, श्रवण भोई एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।



### मेधावी छात्र सम्मानित

सत्र 2024-25 के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों और कक्षा 12वीं में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वालों को मुख्य अतिथि ने मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली डागेश्वरी साहू और प्रदीप कुमार महार दोनों 90.40 प्रतिशत को 5 हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त कल्याणी 88.60 प्रतिशत को 3 हजार और तृतीय स्थान प्राप्त प्रदीप कुमार बांधे को 2 हजार रुपये पुरस्कार की घोषणा की गई।

### खरोरा में कल निकाली जाएगी रथयात्रा

**महासमुंद।** हर साल की तरह इस बार भी ग्राम खरोरा के राममंदिर से 27 जून को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाएगी। आषाढ़ माह में शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि से इस रथ यात्रा का आयोजन होते है। इस दौरान भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर विराजते रहते है।

# रानी दुर्गावती की वीरता और आत्मबलिदान की गाथा शिखरों से ऊंची है



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वीरांगना रानी दुर्गावती का 461वां बलिदान दिवस जिला ऑडिटोरियम में मनाया गया, जहां वीरांगना रानी दुर्गावती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामविचार नेताम कृषि मंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा रानी दुर्गावती की वीरता और आत्मबलिदान की गाथा शिखरों से ऊंची है वे न केवल युद्धकला में परांगत थीं, बल्कि कुशल प्रशासक भी थीं उन्होंने अपने जीवन काल में 52 युद्ध लड़े एवं 51 में विजय प्राप्त किये। समाज की मांग पर मंत्री द्वारा नगर पंचायत पलारी में सर्व आदिवासी समाज के सुरक्षित भूमि पर सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने रानी दुर्गावती की अदृतीय साहस पराक्रम और प्रशासनिक क्षमता को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने रानी दुर्गावती को भारतीय नारी शक्ति का प्रतीक बताते हुये कहा कि उनका जीवन केवल इतिहास नहीं प्रेरणा कि जीवित गाथा हैं। समाज की मांग पर मंत्री द्वारा जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के ग्राम कुकुरदी में सर्व सुविधायुक्त भवन बनाने के लिए भूमि आबंटन की घोषणा की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, सुभाष परते, आकांक्षा गोलू जायसवाल अध्यक्ष जिला पंचायत ब लौ दा बा जा र , अशोक जैन अध्यक्ष नगर पालिका ब लौ दा बा जा र , सुलोचना यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदाबाजार, विजय केशरवानी प्रदेश उपाध्यक्ष भारत स्काउट गाइड, राकेश ध्रुव, रवि ध्रुव, बंशीलाल नेताम, टेकसिंग ध्रुव, शिव सिंह नेताम, भागबली ध्रुव,लक्ष्मण ध्रुव, मनोहर ध्रुव,प्रताप सिंह नाग,वेदराम बरिहा,शिव गोंड,लखन लाल सोनझरी, श्याम लाल पारधी, युवराज प्रधान,शिवनारायण सिंह चेचाम, संतोष नेताम, कमलेश ध्रुव प्रदेश उपाध्यक्ष, भूपेंद्र ध्रुववंशी जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, कार्यवाहक अध्यक्ष मोती लाल मंडावी, जिला उपाध्यक्ष भानू ध्रुव, मनोहर मण्डावी, ईश्वर गोंड़, दाऊ सिंह गोंड़, चंद्रभानु पैकरा समाज सेवी दयाराम ध्रुव,,जिला सचिव थानू ध्रुव, केशव कुंजाम,राजकुमार ध्रुव अभय लाल ध्रुव शिव मंगल सिंह ठाकुर, संतोष ध्रुव जिलाध्यक्ष युवा प्रभाग, जिलाध्यक्ष महिला प्रभाग अंजू नेताम जिला सचिव, राधा ध्रुव उपाध्यक्ष, आशा ध्रुव ब्लॉक अध्यक्ष, महिला प्रभाग पार्वती मण्डावी प्रेमीन ध्रुव सहित जिला भर के समाज प्रमुख संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव ने और आभार प्रकट जिला सचिव राधा ध्रुव ने किया।

■ वीरांगना रानी दुर्गावती का 461वां बलिदान दिवस जिला ऑडिटोरियम में मना

पेज 11 के शेष

### करोड़ों की ठगी...

पहचान हुई, जिसमें रामनारायण साहू एवं अन्य आरोपियों द्वारा उसे शेयर मार्केट में रकम लगाने एवं 2 वर्ष में सारा पैसा डबल करके देने का झांसा दिया। इसी झांसे में आकर प्रार्थी द्वारा आरोपियों को अलग-अलग तिथियों में नगदी, फोन-पे एवं विभिन्न माध्यमों से कुल 19,43,000 दिया गया। इसी प्रकार आरोपियों द्वारा प्रार्थी के मित्र राजेश कुमार देवांगन एवं अनिल कुमार प्रजापति से भी शेयर मार्केट में रकम लगाकर दुगना रकम वापसी करने का झांसा देते हुए ठगी किया गया। इस प्रकार आरोपियों द्वारा शेयर ट्रेडिंग में 2 वर्ष में रकम का दुगना कर वापस करने का झांसा देते हुए कुल 40,82,000 रकम की ठगी की। रिपोर्ट पर थाना कसडोल में धारा 420,34 का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार आरोपियों द्वारा 2024 में प्रार्थी राजकुमार यदु से 82 लाख की ठगी की गई थी, जिस पर रामनारायण साहू और अन्य के विरुद्ध धारा 318(4),3(5) बीएनएस का अपराध दर्ज किया गया है। आरोपियों द्वारा कसडोल, लवन, गिधौरी, शिवरीनारायण, महासमुंद, रायगढ़ आदि के भी कई लोगों के साथ भी शेयर ट्रेडिंग में पैसे लगाकर कम समय मे पैसा दुगुना करने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने के संबंध में जानकारी मिल रही है। इस संबंध में जांच तस्दीक कार्रवाई की जा रही है। विवेचना के लिए आठ अधिकारियों की टीम गठित की गई।

प्रकरण में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी रामनारायण साहू एवं हेमंत साहू को हिरासत में लिया गया है तथा अभी तक की जांच में यह तथ्यों सामने आया है कि आरोपी रामनारायण साहू पेशे से शासकीय स्कूल सोनाखान में शिक्षक है, जिसके द्वारा अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर शेयर मार्केट में निवेश कर जमा की गई रकम 2 वर्ष में दुगना कर वापस करने का झांसा देते हुए आसपास के क्षेत्र के लोगों से ठगी कर करोड़ों रुपये लिया गया है। साथ ही जो भी व्यक्ति उनसे अपने पैसे मांगता था उसे वह किसी अन्य व्यक्ति से पैसे लेकर कुछ रुपये वापस कर देता था, जिससे वह लोगों का विश्वास जीतने में सफल हो जाता था। इसके अतिरिक्त आरोपी द्वारा ठगी की गई रकम को, कई फर्जी संस्थाओं के नाम से निवेश करने के बारे में भी पता चला है। आरोपी रामनारायण एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया, दिल्ली जर्नलिज्म एंड इन्वेस्टिगेशन रिसर्च इंस्टीट्यूट, दिल्ली क्राइम भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा आदि नामक संस्थाओं का परिचय पत्र अपने सांथ रखता है। आरोपियों के खिलाफ थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर में भी धोखाधड़ी का एक मामला दर्ज है। आरोपियों के बैंक अकाउंट, संपत्ति की जानकारी एकत्र की जा रही है तथा साइबर सेल की टीम द्वारा प्रकरण के समस्त बिंदुओं का अवलोकन कर तकनीकी विश्लेषण भी किया जा रहा है। कि प्रकरण में बुधवार को दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। इसके साथ ही गिरफ्तार दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ भी जारी है। इधर सूत्रों की माने तो तकरीबन 15 सौ करोड़ से ऊपर का फर्जीवाड़ा उक्त मुन्नाभाई के द्वारा किया गया है हालांकि जांच अभी जारी है।

### 1975 में आपातकाल ...

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपातकाल को संविधान की हत्या दिवस के रूप में घोषित किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी उपाध्यक्ष भारतीय स्काउट गाइड ने अपने संबोधन में कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाया गया आपातकाल का दर्द भारत को छलनी छलनी कर दिया। भाजपा नेता योगेश अग्रवाल व नरेश केशरवानी ने भी 1975 के आपातकाल की निंदा करते हुए अपने स्वतः लाभ व सत्ता व पद की लालसा ने लालच में देश को आग में धकेलने का काम करने वाली इंदिरा गांधी ने संपूर्ण भारत को शर्मसार किया। अपने हठ धर्मिता की परिचायक बनी जो निंदनीय है। संविधान की हत्या छायाचित्र प्रदर्शित आयोजन के अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, जिला पंचायत सदस्य डोमन वर्मा, पार्षद अमितेश नेताम, हरजीत सिंह सलूजा, सतीश पटेल, जितेंद्र डड़सेना, मनोज कांत पुरैना, गौतम चौहान, आदित्य गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, रवि फेकर, मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, युवा नेता राहुल सोनी, संजय श्रीवास, पूर्व पार्षद संकेत शुक्ला, सरिता मारके, धनेश्वरी वर्मा, पूर्व पार्षद कमल टंडन, अमन तिवारी, किशन रजक, रोहित जोशी, सहित अन्य जनप्रतिनिधी गण व गणमान्य नगरीक गण कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब की बिक्री जोरों पर, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

**अर्जुनी।** ग्राम पंचायत खैरताल में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर है। ग्रामीणों ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अवैध शराब बिक्री से गांव का माहौल खराब हो रहा है, जिससे गांव में अशांति के माहौल बना रहता है। खुलेआम आसानी से शराब मिलने से गांव के लोगों को शराब की लत लग रही है। विरोध करने पर शराब कोचियों द्वारा जो करना है कर लो कह कर धमकाया जाता है। इस अवैध शराब बिक्री पर अंकुश नहीं लगने से कोचियों के हौसले बुलंद है। ग्रामीणों द्वारा बार-बार समझाईस देने के बाद भी अवैध शराब शराब बिक्री पर विराम नहीं लग रहा है, जिससे बैखौफ होकर धड़ल्ले से शराब की बिक्री कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। इस संबंध में सरपंच प्रेमशंकर वर्मा ने प्रशासन से गांव में शीघ्र ही अवैध शराब बिक्री पूर्ण रूप से बंद करने की मांग की है।

### रसोइयों को मिला खाद्य पोषण व सुरक्षा का प्रशिक्षण



**बलौदाबाजार।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को खाद्य सुरक्षा और मानकों विषय पर निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में भाटापारा और सिमगा ब्लॉक के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूल में भोजन बनाने वाले लगभग 137 रसोईये और प्रभारी शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण में खाद्य सुरक्षा और मानकों के बारे में जागरूकता बढ़ाते हुए खाना बनाने के लिए कच्ची सामग्री के क्रय, रखरखाव, भण्डारण, उपयोग करने के पूर्व एक्सपायरी तिथि की जांच, खाना बनाने के पूर्व एवं खाना बनाते समय व परोसते समय बरती जाने वाली सामान्य सावधानियों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही ऐसी आदतें जो खाद्य सुरक्षा में जोखिम पैदा करती हैं तथा खाद्य जनित बीमारियों के जोखिम को कम करने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

### ग्रामीण पर चाकू से किया प्राण घातक हमला रायपुर रेफर, मामला दर्ज

**सरायपाली।** सिंघोडा थाना अंतर्गत ग्राम घेसपाली में दो लोगों के बीच वाद-विवाद पर एक व्यक्ति ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। थाना से मिली जानकारी अनुसार सादराम यादव पिता रेशमलाल यादव (60) निवासी ग्राम घेसपाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विगत 22 जून को वह और उसके गांव का पुमेश्वर चौधरी खेत का काम कर वापस घर जा रहे थे। इसी बीच परसकोल पुलिया के पास दोपहर लगभग 03:30 बजे उसका छोटा भाई सेतराम यादव और ग्राम बाराडोली का प्रेम सारथी किसी बात को लेकर वाद विवाद कर रहे थे। प्रेम सारथी ने उसके छोटे भाई को जान से मारने की धमकी देते हुए अश्लील गाली गलौज किया और अपने पास रखे चाकू से जान से मारने की नीयत से उसके सेतराम के गले में और पीछे कमर में प्राण घातक हमला कर दिया।

# पक्की सड़कें ग्रामीण विकास की पहली सीढ़ी, विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

## गांव की सड़कों को पक्की सड़क बनाकर मुख्य सड़क से जोड़ने का प्रयास जारी

विधायक इन्द्र साव ने कहा कि हिंदुस्तान की 80 प्रतिशत आबादी गांव में निवासरत है। ऐसे में गांव का विकास होना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए और गांव का विकास की पहचान वहां की पक्की सड़कें होती है। इसी उद्देश्य से आज आप लोग के गांव में पक्की सड़क निर्माण का भूमि पूजन हुआ है और आने वाले समय में इसका फायदा ग्रामीणों को मिलने लगेगा। विधायक इन्द्र साव ने निपनिया और धौराभाठा एस गांव में विधायक निधि से बनने वाली सीसी रोड निर्माण भूमि पूजन के अवसर पर कही।

विधायक साव ने कहा गांव की कच्ची सड़कों से उबारने के लिए उनके द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। उनकी सोच है पूरे क्षेत्र की सड़कें पक्की हो, ताकि आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। लगातार विधानसभा क्षेत्र के गांव की सड़कों को पक्की सड़क बनाकर मुख्य सड़क से जोड़ने का प्रयास जारी है।इसके पूर्व निपनिया और धौराभाठा एस गांव पहुंचने पर विधायक साव का वहां के सरपंच, पंचगण और ग्रामीणों ने फूल माला से स्वागत किया। इस अवसर पर ईश्वर सिंह ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक ध्रुव, सरपंच नरेश ध्रुव, जित्तू ठाकुर, मुकेश साहू, कामता रावत, सत्यजीत शेंडे, विक्की ठाकुर, देवांनद साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



### विकास कार्य में आएंगी तेजी

गांव की कच्ची सड़कों से उबारने के लिए आज आपके गांव में जो भूमि पूजन कार्य हुआ है, उसका श्रेय यहां के सरपंच को जाता है, जो लगातार आपके गांव की सड़क,पानी नाली, बिजली, भवन, शिक्षा इत्यादि के लिए रोजाना लिखा पढ़ी कर अपने गांव के लोगों की भलाई के लिए प्रयासरत है। आज आप लोगों के मध्य आकर मुझे काफी अच्छा लग रहा है और विश्वास के साथ कह सकते हैं कि आने वाले समय में इस गांव का और तेजी से विकास होगा।

## आयोजन : आपातकाल पर भाजपा ने आयोजित की जिला स्तरीय संगोष्ठी

# भाजपा का हमला : आपातकाल को बताया लोकतंत्र पर धब्बा : शिवरतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा






कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्थानीय गोविंद सारंग परिसर भाटापारा में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में 25 जून 1975 को तात्कालिक इंदिरा सरकार द्वारा आधी रात को आपातकाल की घोषणा के बाद देश के लोकतंत्र व संविधान पर हुए कुठाराघात पर विस्तृत चर्चा हुई।

जिला स्तरीय संगोष्ठी में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा किताब कालिक इंदिरा सरकार द्वारा देश विरोधी निर्णय आपातकाल के आज 50 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, जिसे लोकतंत्र के काले अध्याय के रूप में मनाया जा रहा है।

आपातकाल के दौरान लाखों की संख्या में विपक्षी नेताओं से लेकर आम लोगों को जबर्दस्ती जेल में बंद किया गया। इंदिरा गांधी के आदेश पर एक करोड़ से अधिक लोगों की नसबंदी की गई। जयप्रकाश नारायण जैसे नेतृत्व कर्ताओं के आंदोलन को दबाने का कुत्सित प्रयास किया गया। इंदिरा गांधी के चुनाव के खिलाफ 12 जून 1975 को इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा निर्णय देकर रायबरेली चुनाव को निरस्त किया गया, गुजरात चुनाव में प्रदेश की कांग्रेस सरकार के विरुद्ध जनमत सामने आया, यही तीन कारण थे, जिसके फल स्वरुप तात्कालिक प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल का निर्णय लिया। पूरे देश की मीडिया की कलम पर प्रशासनिक नियंत्रण लगा दिया गया।

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इंदिरा गांधी को दोषी ठहराया और 6 वर्षों के लिए चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाकर, सार्वजनिक पदों के लिए अयोग्य घोषित कर दिया। वहीं देश में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जन आंदोलन खड़ा किया। अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी सहित सभी विपक्षी दल के नेताओं को बलपूर्वक आधी रात को गिरफ्तार कर लिया गया।

वहीं प्रदेश कार्य समिति के सदस्य डॉ. अजय राव द्वारा भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया। नशा बंदी के दौरान 7.5 महीने जेल में बंद रहे भाटापारा निवासी रमन अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने आपातकाल के दौरान हुई त्रासदी का मार्मिक संस्करण बताया। उक्त संगोष्ठी में बलौदा बाजार भाटापारा जिले के सभी पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष महामंत्री जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### न्याय व्यवस्था का चीर हरण कर दिया गय

शर्मा ने कहा कि आपातकाल के निर्णय के बाद पूरे देश में असंतोष महंगाई और आर्थिक संकट का माहौल पनपने लगा । देश की न्यायपालिका को नियंत्रित कर न्याय व्यवस्था का चीर हरण कर दिया गया। दिल्ली में सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों लोगों को बेघर कर दिया गया और सैकड़ों लोगों को मौत के घाट उतार दिया, देश ही नहीं वरन विदेशी मीडिया ने भी आपातकाल को तानाशाही निर्णय करार दिया।

### लोकतंत्र और संविधान की हत्या की

भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव द्वारा उक्त संगोष्ठी कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी गयी। देश में हुए आपातकाल की प्रारंभिक अवस्था से लेकर 21 महीना तक, देश में हुई त्रासदी का विस्तृत उल्लेख किया। उद्बोधन में यादव ने कहा कि एक और जहां वर्तमान कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधान बचाव के नारे लगाए जा रहे हैं, वही दूसरी ओर तात्कालिक इंदिरा सरकार द्वारा आपातकाल के नाम पर असंवैधानिक संशोधनों के माध्यम से लोकतंत्र और संविधान की हत्या की थी, जिसका दुष्परिणाम वर्षों तक देश की जनता को भोगना पड़ा। अपने प्रधानमंत्री पद को सुरक्षित रखने के लिए आम जनता से लेकर न्यायपालिका, विपक्ष, मीडिया कर्मी व लोकतंत्र और संविधान तक की बली चढ़ा दी गई। 21 महीना के आपातकाल के दौरान देश की जनता को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा।

# बसपा संगठन को मजबूत बनाने करेगी कार्य





हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में विधानसभा स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक सतनाम भवन भटगांव में हुई। इसमें मुख्य अतिथि मनीष आनंद केन्द्रीय स्टेट कॉर्डिनेटर प्रदेश प्रभारी बसपा विशिष्ट अतिथि दाऊराम रत्नाकर, केन्द्रीय स्टेट कॉर्डिनेटर प्रदेश प्रभारी बसपा छ.ग. व पूर्व विधायक पामगढ़ इंदु बंजारे, प्रदेश महासचिव बसपा बिलासपुर जोन प्रभारी व पूर्व विधायक पामगढ़ अध्यक्षता श्याम टण्डन, प्रदेश अध्यक्ष बसपा प्रवीण सिंह मल्होत्रा, मदन पटेल जिला उपाध्यक्ष, दयाराम खुराना जिला प्रभारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इन्दु बंजारे ने कहा कि किसी भी विधानसभा को जीतने के लिए पोलिंग बूथ में जाकर संगठन को मजबूत करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है। दाऊराम रत्नाकर ने कहा कि बसपा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में बेहतर संबंध और सामंजस्य स्थापित हो, कार्य करने वाले हो, जिससे बहुजन समाज में भाईचारा पैदा होगा। वर्तमान समय में विभिन्न संगठनों के अनुयायियों के आचरण को समझना बहुत जरूरी है। मुख्य अतिथि मनीष आनन्द ने कहा बसपा का संगठन के व्यापक विस्तार व मजबूती पर जोर दिया, जिससे यूपी की तर्ज पर प्रदेश से लेकर सेक्टर पोलिंग बूथ के हर व्यक्ति तक पार्टी की विचारधारा को व्यापक रूप से पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

- केन्द्रीय स्टेट कॉर्डिनेटर प्रदेश प्रभारी मनीष ने संगठन विस्तार पर दिया जोर

**ये रहे उपस्थितः** राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती के निर्देशानुसार उनके नेतृत्व में कार्य करने से महापुरुषों के कारवां जरूर कामयाब होगी। कार्यक्रम में जीवराज रात्रे जिला प्रभारी, शिवकुमार भास्कर, गनपत बंजारे महासचिव, उतरा भोई उपाध्यक्ष, निर्मला जांगडे उपाध्यक्ष, एफ आर प्रेमी, गणेश, छोटेलाल रत्नाकर पार्षद नगर पंचायत सरसींवा, राहुल बारले पार्षद नगर पंचायत टुण्ड्रा, साधुदास मानिकपुरी, रमेश जायसवाल, सुशील विश्वकर्मा, एड डगेश खटकर, एड चंद्रशेखर रत्नाकर, सखा जांगडे, ओम बरिहा, अमित सिदार, रामाधार कत्थाकर, रामकुमार सोनी, राजू सिदार, सुखराम पटेल, बाबू सायतोड़े, हिरवानी आदि बसपा के समस्त जिम्मेदार पदाधिकारी सेक्टर अध्यक्ष कार्यकर्ता व समर्थकों मासिक समीक्षा बैठक में भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# गोपालपुर पंचायत में रोपे गए फलदार पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

शासन के महत्व काक्षी योजना के तहत पौधारोपण कार्य चल रहा है, जिसके पालन में नवीन पंचायत गोपालपुर में भी स्कूल परिसर एवं प्राथमिक कृषि सहकारी मर्यादित समिति परिसर में नीबू, जाम, नीम, गुलमोहर, खमार के पौधे लगाये गये हैं। उक्त कार्यक्रम में पंचायत के पदाधिकारियों, सोसायटी के कर्मचारियों एवं गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। ज्ञात हो कि पर्यावरण को शुद्ध बनाएं रखने शासन की यह योजना अच्छी एवं सहरानीय है।

शासन को पौधों के रख-रखाव में विशेष ध्यान देना चाहिए, तब मेहनत रंग लाएगी और वृक्ष के अंधाधुंध कटाई पर शक्ति से पाबंदी नियम लागू करना चाहिए, तब हमारे गांव, राज्य एवं देश हरा-भरा प्रतीत होगा, जिससे भावी पीढ़ियों को सुकून मिलेगा।

# जीवन द्वीप समिति की बैठक में जनसेवा के मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद




जीवन द्वीप समिति के तत्वावधान में हथबंद में एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल, सरपंच ढालेश्वरी नरेश अनंत, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सभी वार्ड रूम का निरीक्षण किया गया। प्रतिनिधियों ने कमरे-कमरे घूमकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया।

हथबंद सरपंच ढालेश्वरी नरेश अनंत ने जनपद अध्यक्ष से क्षेत्र में एम्बुलेंस व एक्स-रे मशीन की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि मरीजों को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सके। साथ ही जनपद अध्यक्ष ने उपस्थित सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मरीजों और आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

इस अवसर पर डीपी वर्मा, भाजपा मंडल पदाधिकारी प्रकाश पाल, धनीराम रजक, राजकिरण महिलाएं, धन्ना धनेश्वर निषाद, प्रेमलता वर्मा, लिली वर्मा, धनेश्वरी वर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक एवं सरपंच उपस्थित रहे। सरपंच कविता दिनेश वर्मा सकरी, हरीश वैष्णव पौसरी, मारकंडे नयापारा भी विशेष रूप से शामिल हुए। पंचगण मूलचंद टंडन, संतराम ध्रुव, सविता बांधे समेत समस्त कर्मचारी बैठक में मौजूद थे। बैठक के दौरान जनता को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए।

# कसडोल पहुंचे सर्व नाई सेन समाज के प्रदेशाध्यक्ष



**बलौदाबाजार।** मंगलवार को सौंजन्य मुलाक़ात कार्यक्रम के दौरान सर्व नाई सेन समाज के प्रांताध्यक्ष पुनीत राम सेन, कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष लोकनाथ सेन का कसडोल आगमन हुआ। इस दौरान सर्व नाई सेन समाज के बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष बसंत श्रीवास द्वारा प्रांताध्यक्ष पुनीत राम सेन एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। इसमें ब्लॉक के वरिष्ठ समाजिक सदस्यों से भेंट मुलाक़ात की। सामान्य भेंट मुलाक़ात में जिले के संगठन, कार्यक्रम, सामाजिक गतिविधियों, संगठनात्मक कसावट पर चर्चा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष द्वारा सभी में मजबूती लाने और आपसी सहयोग से काम करने कहा गया। रचनात्मक कामों को बढ़ावा देने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बस्संत श्रीवास, सभापति कसडोल जनपद व्यसनारायण सेन, अनिल सेन, अनिल श्रीवास, नागेश सेन जिला सचिव, मुरित श्रीवास, जीवराखन सेन, दशहरथ सेन, राज कुमार श्रीवास, संजू सेन, राजेंद्र श्रीवास, संतोष कुमार, रामेश्वर सेन, राज कुमार सेन, चुटुराम सेन, सुखीराम सेन, संतोष श्रीवास सहित अन्य उपस्थित रहे। मंच संचालन ब्लॉक सचिव मुरित श्रीवास द्वारा किया गया।

## एकजुट होकर समाज को आगे बढ़ाने की मदद करें

# सेन समाज ने रक्तवीरों और मेधावी छात्रों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार







नगर के सेन मंगल भवन में ढेढीपारी देशहा सेन समाज, नगर इकाई बलौदाबाजार लवन राज द्वारा रक्तदान कर लोगों का जान बचाने में महती भूमिका निभाने वाले रक्तवीरों व नगर के मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले शामिल हुए।

उन्होंने सेन समाज की महत्ता को बताते हुए कहा की सेन समाज संपूर्ण मानव जाति के विकास, सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करता है। साथ ही समाज को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव मदद की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता लिलक सेन ने किया। उन्होंने एकजुट रहकर समाज के विकास हेतु विभिन्न आयामों में कार्य करने के बात कही। विशिष्ट अतिथि लवनराज के अध्यक्ष हरिशंकर श्रीवास ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा की रक्तवीरों व मेधावी छात्रों को बधाई दी। मंच संचालन नगर के सचिव नूतन कुमार सेन द्वारा किया गया। रक्तदान महादान को कृतार्थ करने वाले सभी रक्तवीरों राजा सेन, अंजय श्रीवास, हरिशंकर सेन, नागेश सेन, नूतन सेन, यश सेन, हेमंत सेन, लोकनाथ सेन, विजय सेन व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों विनय सेन, पायल सेन, निष्ठा सेन, रेशमी सेन को समाज सेवा के लिए देवलाल सेन व कन्हैया सेन, लोकनाथ सेन को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नगर इकाई के संरक्षक राजेश्वर सेन, उपाध्यक्ष प्रहलाद श्रीवास, कोषाध्यक्ष अनिल सेन, सह सचिव भींगेश्वर सेन, संगठन सचिव हरि सेन, उप कोषाध्यक्ष सतीश सेन, प्रचार प्रसार सचिव मोहन सेन, मीडिया प्रभारी अंजय श्रीवास, रूपेश सेन व लवनराज के सम्मानीय पदाधिकारी में संरक्षक कृष्णा सेन, उपाध्यक्ष पंचराम सेन, कोषाध्यक्ष विष्णु सेन, लवनराज के सचिव हरिशंकर सेन, सह सचिव राजा सेन, सह सचिव जित्तू सेन, लवनराज के पूर्व संरक्षक जगदीश श्रीवास, कल्लू सेन, कन्हैया सेन, लक्ष्मी सेन, युवराज सेन। महिला प्रकोष्ठ से प्रदेश अध्यक्षा शैल सेन, उपाध्यक्ष कविता सेन, कोषाध्यक्ष सीमा सेन व नगर के मातृशक्ति व सदस्य बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

